सं0सं0 7/सदर अनु0–24–06/11 175(7)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सभी क्षेत्रीय उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार ।
सभी सिविल सर्जन, बिहार ।
सभी अस्पताल के अधीक्षक/ उपाधीक्षक, बिहार ।

पटना, दिनांकः– 27-11-12

विषयः–वित्तीय वर्ष 2012–13 में विभिन्न उपशीर्ष अन्तर्गत बचत राशि को प्रत्यर्पित करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वित्तीय वर्ष 2012–13 में विभिन्न उपशीर्ष अन्तर्गत अबतक निर्गत आवंटन के व्यय की समीक्षा CTMIS से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गयी जिसमें पाया गया कि कुल उपबंध ₹ 128707.20 के विरूद्ध अबतक ₹ 60169.52 ही व्यय किया गया है । अधिकांश जिले में वेतनादि छोड़ अन्य इकाईयों में व्यय की स्थिति संतोषप्रद नहीं है ।

इस बीच क्षेत्रीय कार्यालयों से विभिन्न उपशीर्ष अन्तर्गत वेतनादि इकाईयों में प्राप्त मांग पत्र का आकलन कर इसे द्वितीय अनुपूरक से उपबंधित कराने हेतु संचिका वित्त विभाग को पृष्ठांकित की गयी परन्तु वित्त विभाग द्वारा परामर्श दिया गया है कि वित्तीय वर्ष 2012–13 में कुल उपबंध के विरूद्ध व्यय 50 प्रतिशत से भी कम है । अतः राशि को क्षेत्रीय कार्यालयों से प्रत्यर्पित कराकर पुनर्विनियोग का प्रस्ताव भेजा जाय ।

उक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में चालू वित्तीय वर्ष 2012–13 में विभिन्न उपशीर्ष अन्तर्गत जिन–जिन इकाईयों में अबतक व्यय नहीं किया जा सका है तथा जिन इकाईयों में बचत की संभावना है, उन सभी इकाईयों में संबंधित प्रभारी पदाधिकारी से उपशीर्षवार राशि प्राप्त कर समेकित करते हुए उसे अविलम्ब मुख्यालय को प्रत्यर्पित किया जाय तथा प्रत्यर्पित राशि को संबंधित कोषागार में संधारित CTMIS में घटाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित किया जाय ।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय ।

विश्वासभाजन,

26/11/12

(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

E:\2012-2013 file\letters\libility letter.doc

ज्ञापांक:–7 / सदर अनु0–24–06 / 11 175 (7) / स्वा0.पटना, दिनांक:– 27 -11 -12

प्रतिलिपि : – सभी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । अनुरोध है कि बचत राशि को प्रत्यर्पण करते हुए संबंधित कोषागार में संधारित सी.टी.एम.आई.एस. में उक्त राशि को घटाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित किया जाय ।

26/11/2012

(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।